**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1482**
**उत्तर देने की तारीख 31 जुलाई, 2024**

## ग्रामीण क्षेत्रों में टेलीकॉम सेवाएं

**1482. श्री ईश्वरस्वामी के.:**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) डिजिटल विभाजन को पाटने तथा ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में किफायती और सुलभ दूरसंचार सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए क्या रणनीतियां तैयार की जा रही हैं;

(ख) सरकार डिजिटल परिवर्तन को आगे बढ़ाने तथा कृषि, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा जैसे अन्य क्षेत्रों के विकास को सक्षम बनाने के लिए दूरसंचार अवसंरचना का किस प्रकार लाभ उठा रही है; और

(ग) वंचित समुदायों में डिजिटल साक्षरता और कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए क्या पहल की गई हैं?

**उत्तर**
**संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)**

(क) से (ख) सरकार ने ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में किफायती और उचित मूल्यों पर दूरसंचार सेवाओं तक पहुंच उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न स्कीमें आरंभ की है जिससे ग्रामीण-शहरी डिजिटल अंतर को पाटा जा सके। विकसित दूरसंचार अवसंरचना डिजिटल परिवर्तन को आगे बढ़ा सकती है और कृषि, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा जैसे अन्य क्षेत्रों के विकास को बढ़ावा दे सकती है। भारतनेट जैसी परियोजनाओं, मोबाइल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने और सबमरीन ऑप्टिकल फाइबर केबल चालू करने से संबंधित स्कीमों के माध्यम से ऐसा किया जा रहा है।

(ग) कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय का स्किल इंडिया मिशन (एसआईएम) प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई), जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) आदि जैसी विभिन्न स्कीमों के अंतर्गत कौशल विकास केन्द्रों/संस्थानों आदि के विस्तृत नेटवर्क के जरिए स्किल, री-स्किल और अप-स्किल प्रशिक्षण प्रदान करता है। कौशल विकास के प्रयोजन से एमएसडीई द्वारा स्किल इंडिया डिजिटल हब (एसआईडीएच) और भारतस्किल्स पोर्टल भी लॉन्च किया गया है।

*****